बिहार सरकार

वैशाली समाहरणालय, हाजीपुर
(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

कार्यालय आदेश

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए देवचन्द अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास/जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास संचालित है, इस छात्रावास में रिक्तियाँ निम्न है:–

क्र0	छात्रावास का नाम	कोटि	स्वीकृत बल	नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या	रिक्त छात्र/छात्राओं की संख्या	अभ्युक्ति
01	02	03	04	05	06	07
01.	देवचन्द अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास, हाजीपुर	अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए	100	62	**38** अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए	अत्यंत पिछड़ा वर्ग में स्वीकृत बल–60 अन्य पिछड़ा वर्ग में स्वीकृत बल– 40 अन्य पिछड़ा वर्ग में दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए रोस्टर के अनुसार 5 प्रतिशत सीट आरक्षित।
02.	जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, महुआ	अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए	100	66	**34** अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए	
03.	अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास, युसुफपुर, हाजीपुर	अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए	100	75	**25** अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए	

उपर्युक्त छात्रावास में नामांकन हेतु इच्छुक अर्हताधारी छात्र/छात्राओं से वैशाली जिला अन्तर्गत संचालित महाविद्यालयों जो छात्रावास से नजदीक हो से शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन हेतु विभागीय पोर्टल– **https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Vacancies.aspx** पर दिनांक– 15.06.2026 से 10.07.2026 तक ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। अधिक जानकारी हेतु जिला के वेबसाईट **vaishali.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है। चयन प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार किया जायेगा।

छात्रावास में नामांकन हेतु अर्हता

1	बिहार का स्थायी निवासी हो।
2	छात्रावास से नजदीकी शैक्षणिक संस्थान के वर्तमान सत्र में अध्ययनरत हो।
3	छात्रावास मूलतः पोस्ट मैट्रिक छात्र/छात्रा के लिए होगा एवं सीटें खाली रहने पर प्री–मैट्रीक छात्र/छात्रा, विशेष रूप से माध्यमिक स्तर से सीटें भरी जायेंगी।
4	पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग की छात्र/छात्राएं हो।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले कागजात

1	जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अद्यतन आय प्रमाण पत्र।
2	विगत परीक्षा का अंक पत्र।
3	वर्तमान शैक्षनिक संस्थान में नामांकन से संबंधित प्रमाण पत्र।
4	बैंक एकाउन्ट की छायाप्रति।
5	आधार कार्ड की छायाप्रति।
6	पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो।
7	मोबाईल संख्या।

नोट:– अत्यंत पिछड़ा के द्वारा रिक्ति रहने पर अन्य पिछड़ा वर्ग के द्वारा रिक्ति को पूरा किया जाएगा। नामांकन के समय छात्र/छात्राओं के रिक्तियों की संख्या घटने या बढ़ने की संभावना है।

PR- 005326 (WELFARE) 2026-27

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, वैशाली ।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।